भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 88

(दिनांक 20.07.2023 को उत्तर देने के लिए)

देश में एनीमेशन, गेमिंग तथा कॉमिक्स इत्यादि सेक्टरों को मजबूत करना

88. श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में एनीमेशन, गेमिंग तथा कॉमिक्स इत्यादि सेक्टरों को मजबूत करने हेतु सरकार ने अभी तक क्या क्या कदम उठाए हैं;

(ख) क्या इस तरह की पढ़ाई कराने वाली संस्था अथवा प्रकाशन को कोई विशेष वित्तीय सहायता दी जाती है या देने का विचार हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार और संस्था-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण; और युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (ग): एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र के विकास को सक्षम करने के उद्देश्य से, बजट भाषण 2022-23 के दौरान एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की गई थी। दिनांक 08.04.2022 को सूचना और प्रसारण मंत्रालय (आईएंडबी) में एवीजीसी प्रमोशन टास्क फोर्स का गठन किया गया और इसकी अध्यक्षता सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई। इसमें एवीजीसी उद्योग, संघों और शिक्षा जगत का मजबूत प्रतिनिधित्व था, इसके साथ ही केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों/विभागों के सचिवों और चयनित राज्यों में एवीजीसी नीति के संभालने वाले प्रशासनिक सचिवों सहित सरकार का भी प्रतिनिधित्व था। टास्क फोर्स ने दिनांक 26.12.2022 को अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी। टास्क फोर्स ने बाजार पहुंच और विकास, कौशल और मेंटरशिप, शिक्षा, प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाने, वित्तीय व्यवहार्यता बनाने, उच्च गुणवत्तायुक्त सामग्री को बढ़ावा देने, विविधता, साम्या और समावेशन आदि के संदर्भ में एवीजीसी क्षेत्र के सभी क्षेत्रों की क्षमता पर विचार किया।

...जारी...

टास्क फोर्स द्वारा सुझाए गए उपायों में एवीजीसी क्षेत्र में शिक्षा और कौशल संस्थानों की क्षमता निर्माण और एवीजीसी क्षेत्र के विकास के लिए अन्य क्षेत्रों में वित्तीय सहायता देना भी शामिल है।

तत्पश्चात, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 18 अप्रैल, 2023 को राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों और उद्योग के हितधारकों के साथ एवीजीसी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय नीति के मसौदे और एक मॉडल राज्य नीति पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला और परामर्श का आयोजन किया।

****